रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

24.9.2022

प्रेस विज्ञप्ति

श्री संजय कुमार रेलटेल के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।
श्री संजय कुमार ने कहा कि : मेरा मार्गदर्शी सिद्धांत होगा - कटिंग एज मॉडर्न टेक्नोलॉजी का उपयोग, समयबद्ध सेवा प्रदान करना, अधिकतम ग्राहक संतुष्टि और एवं समस्त टीम मेंबर्स की शक्तियों के सशक्तिकरण और डेलिगेशन द्वारा कंपनी के राजस्व में वृद्धि करना।

****

श्री संजय कुमार ने रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। ये इससे पूर्व निदेशक (नेटवर्क प्लानिंग एवं मार्केटिंग/ एनपीएम) के पद पर रहने के अलावा निदेशक (प्रोजेक्ट ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस/ पी ओ एम) का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे थे। ये इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन्स इंजीनियरिंग में टेक्नोलॉजी डिग्रीधारक हैं और इन्होंने मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट गुड़गांव से मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है।
श्री कुमार भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी सेवा के अधिकारी हैं। इन्हें रेलवे की कार्यप्रणाली, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और मार्केटिंग का लगभग 30 वर्षों का अनुभव है।

अपने एजेंडा का हवाला देते हुए रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा कि : "मेरा मार्गदर्शी सिद्धांत होगा - कटिंग एज मॉडर्न टेक्नोलॉजी का उपयोग, समयबद्ध सेवा प्रदान करना, अधिकतम ग्राहक संतुष्टि और एवं समस्त टीम मेंबर्स की शक्तियों के सशक्तिकरण और डेलिगेशन द्वारा कंपनी के राजस्व में वृद्धि करना। हाल ही में रेल मंत्रालय ने रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों को उपयुक्त/ समुचित समझे जाने वाली हर प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां करने की अनुमति प्रदान की है ताकि वे अपने राजस्व और लाभ में वृद्धि कर सकें। इसके अनुपालन में रेलटेल ने नए व्यवसायिक अवसरों, नए बाजारों और नए ग्राहकों का अन्वेषण करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है।
मैं अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय पर भी ध्यान देते हुए साथ ही विदेशी बिड्स में हिस्सा लेना, करारों पर हस्ताक्षर करना और सेवाओं के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा। हमें सतत विस्तार, विविध रूपों में उन्नयन और आधुनिकीकरण को जारी रखने के उत्साह के साथ अपनी सेवाओं और परियोजनाओं का भी विस्तार करना होगा। रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे एलओटी, एआई और एमएन आधारित अधिकाधिक सेवाओं और परियोजनाओं के प्रस्ताव दिए जाएंगे और तकनीकी रेवोलुशन का पूरा लाभ उठाया जाएगा। कंपनी द्वारा आगामी 5G टेक्नोलॉजी से होने वाले लाभों पर भी निगाह बनाए रखी जाएगी। रेलटेल नेशनल डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, जिस पर सरकार का ध्यान है, के लिए तेजी से बढ़ने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम एवं संगठन बना रहेगा। इसी के साथ हम नई परियोजनाओं की शुरुआत करके भारतीय रेल के साथ अपनी संबद्धता को और सुदृढ़ करने की अपनी

प्रतिबद्धता पर अटल रहेंगे। मैं चाहूंगा कि आने वाले समय में रेलटेल एक अग्रणी और प्रमुख आईसीटी एवं टेलीकॉम कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को कायम रख सके."

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

विस्तृत जानकारी के लिए:

sucharita@railtelindia.com